हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 5 अगस्त 2026

06 परीक्षित जन्म और कलयुग की कथा सुन श्रद्धालु हुए...



09 शहर में नालों की जमीन पर कब्जा



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

अमृत हरित महाअभियानः बमूरिया तालाब पर हुआ वृहद पौधारोपण



राघौगढ़। अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में नगर परिषद आरोन द्वारा बमूरिया तालाब परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जल स्त्रोतों का संवर्धन तथा नगर क्षेत्र में हरित आवरण बढ़ाना है। यह अभियान प्रदेश में शहरी क्षेत्रों को अधिक हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में संचालित किया जा रहा है।कार्यक्रम में नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। पौधों की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया गया ताकि रोपित पौधे भविष्य में विकसित होकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर राघौगढ़ में जश्न



राघौगढ़। दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद विधायक जयवर्धन सिंह के गृह नगर राघौगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। जीत की खुशी में कांग्रेसियों ने आतिशबाजी की और ढोल-नगाड़ों की धुन एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।इस दौरान बड़ी संख्या में नगर के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने जीत पर खुशी जाहिर करते हुए इसे पार्टी के लिए उत्साहवर्धक बताया। ओर आने वाले समय में प्रदेश में भी बदलाव की बात कही जश्न के दौरान पूरे माहौल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी, युवा कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी मौजूद रहे।

आरोन ब्लॉक कांग्रेस ने मनाया विजय उत्सव, निकाला जुलूस



आरोन। दतिया उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुँवर घनश्याम सिंह की लगभग 6 हजार मतों से हुई जीत की खुशी में सोमवार शाम 7:00 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन द्वारा भव्य विजय उत्सव मनाया गया। कार्यकर्ता श्री दास हनुमान मंदिर में एकत्रित हुए, जहां भगवान के समक्ष पूजा-अर्चना एवं आरती कर लड्डू का भोग लगाया गया। इसके पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया।मंदिर परिसर से ढोल-ताशों, आतिशबाजी और कांग्रेस के जयघोष के साथ विजय जुलूस गुलाबगंज चौराहे तक निकाला गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता नाचते-गाते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा करते रहे।वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित रामबाबू शर्मा ने कहा कि दतिया की यह ऐतिहासिक जीत कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व एवं वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के मार्गदर्शन का परिणाम है। विधायक प्रतिनिधि मंटू लाल जैन ने कहा कि यह जीत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विश्वास, समर्पण और जनता के भरोसे की जीत है।

गुना का निर्भया कांड: हैवानियत करने वालों के अवैध ठिकानों पर चला बुलडोजर

सख्तीः प्रशासन ने जंगल में बने अवैध मकानों को किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के नेशनल हाईवे पर गादेर के समीप स्थित जंगल में इंजीनियर और उनकी मंगेतर के साथ हुए सामूहिक गैंगरेप, बर्बरता व लूटपाट के मामले में प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ बेहद सख्त रुख अपनाया है। घटना के महज़ 24 घंटे के भीतर सभी पांचों आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने के बाद, अब राजस्व व वन विभाग की संयुक्त टीम ने बोरखेड़ा गांव पहुंचकर आरोपियों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमणों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया है। वन भूमि पर बने अवैध मकानों को जेसीबी से ज़मींदोज किया। आरोपियों की पहचान होते ही प्रशासन ने उनके आपराधिक रिकॉर्ड और उनके द्वारा किए गए अवैध निर्माणों की कुंडली खंगालना शुरू कर दिया। जांच में सामने आया कि आरोपी वन विभाग की ज़मीन पर अवैध कब्जा कर रह रहे थे। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर वन विभाग और प्रशासनिक अमले ने भारी पुलिस बल के साथ बोरखेड़ा गांव में आरोपियों के अवैध ठिकानों पर जेसीबी चलाकर अतिक्रमण को पूरी तरह जमींदोज कर दिया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर से कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

दर्शन कर लौट रहे दंपत्ति को पंचर का झांसा बदमाशों ने बनाया था शिकारः घटना गत गुरुवार रात करीब 8 बजे की है। मूलतः कोलकाता निवासी 26 वर्षीय पीड़िता अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से हनुमान टेकरी मंदिर से दर्शन कर लौट रही थी। रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पीछे से आए एक बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने पंक्चर होने का झांसा देकर उनकी गाड़ी रुकवा ली। जैसे ही बाइक रुकी, बदमाशों ने चाबी निकाल ली और युवती के बाल पकड़ घसीटते हुए एबी रोड किनारे घने अंधेरे जंगल में ले गए। जंगल में पहुंचकर आरोपियों ने फोन करके अपने तीन और साथियों को बुला लिया।क्रूरता की हद पार, प्रायवेट में लकड़ी घुसाने का प्रयास, बहने लगा था खूनबदमाशों ने मिलकर युवक और युवती को डंडों और थप्पड़ों से बुरी तरह पीटा। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर उनके मोबाइल, पर्स और बाइक छीन ली। युवक को बंधक बनाकर जंगल में दूसरी तरफ ले जाया गया, जबकि तीन दरिंदों ने पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए और बारी-बारी से उसके साथ जबरदस्ती करने लगे। पीड़िता ने खुद को बचाने के लिए कड़ा संघर्ष किया, आरोपियों को नोंचा और काटा, लेकिन हैवानों ने उसके ही कपड़ों से हाथ बांध दिए। जब युवती चिल्लाई, तो एक आरोपी ने क्रूरता की हदें पार करते हुए उसके प्राइवेट पार्ट में लकड़ी घुसाने का प्रयास किया, जिससे खून बहने लगा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक सतर्क राहगीर की नजर पड़ी, जिसने तुरंत गश्त पर मौजूद डायल 112 को इसकी सूचना दी। पुलिस की गाडिय़ां सायरन बजाते हुए जैसे ही मौके पर पहुंचीं, पकड़े जाने के डर से सभी आरोपी वहां से भाग खड़े हुए।यह थे आरोपीः पकड़े गए आरोपियों में बबलू बंजारा (23) पुत्र हीरालाल बंजारा निवासी ग्राम बोरखेड़ा थाना धरनावदा, छोटू बंजारा (28) पुत्र मांगीलाल बंजारा निवासी ग्राम खजरा थाना राघौगढ़, सरदार बंजारा (30) पुत्र कर्मा उर्फ करम सिंह बंजारा निवासी ग्राम विन्याकी थाना राघौगढ़, महेंद्र बंजारा एवं (20) पुत्र गब्बा बंजारा, निवासी ग्राम बोरखेड़ा थाना धरनावदा, दिनेश बंजारा (28) पुत्र गब्बा बंजारा, निवासी ग्राम बोरखेड़ा थाना धरनावदा।

इनका कहना है...

गैंगरेप के मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की है। प्रशासन ने भी अब कार्रवाई की है। आरोपियों ने वन विभाग की टीम पर निर्माण कर और कब्जा कर रखा था। उसे चिन्हित कर जेसीबी से हटाया गया है।

किशोर कुमार कन्याल
कलेक्टर

रेलवे ट्रैक किनारे मोबाइल पर बात करते समय हादसा

दो ट्रेनों की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर के कैंट थानांतर्गत सिंगवासा क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दुखद हादसा सामने आया है, जहां मोबाइल पर बात करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 24 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और जीआरपी की टीम ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है तथा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, शिवपुरी जिले के कोलारस ग्राम डांगोरा का मूल निवासी 24 वर्षीय सुरेंद्र प्रजापति पुत्र चंपालाल प्रजापति पिछले 3-4 सालों से अपने परिवार के साथ गुना की चौरसिया कॉलोनी में रह रहा था। वह शहर में सब्जी का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मंगलवार सुबह वह सिंगवासा इलाके में टहलने निकला था। प्रत्यक्षदर्शियों व पुलिस के अनुसार, सुरेंद्र रेलवे ट्रैक के पास मोबाइल पर बातचीत में मग्न होकर चल रहा था। इसी दौरान पटरियों पर लगभग एक साथ दो ट्रेनें आ गईं। ट्रेनों के तेज झोंके और चपेट में आने से सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा और उसने दम तोड़ दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेहनत-मजदूरी कर परिवार चलाने वाले युवा बेटे की इस तरह अचानक हुई मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरी कॉलोनी में शोक की लहर फैल गई है।

2 आदतन अपराधियों को किया जिलाबदर

गुना। कलेक्टर कन्याल ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आदतन अपराधी नारायण चौरसिया पुत्र मातादीन निवासी रसीद कॉलोनी थाना कैंट को 1 वर्ष और राणा रजक पुत्र बृजमोहन रजक निवासी नई बस्ती बरबटपुरा कुशमौदा थाना कैंट जिला गुना को 6 माह के लिये गुना जिला एवं इससे लगी सीमावर्ती जिले से निष्कासन संबंधी आदेश पारित किये गये हैं।

सिसोदिया कॉलोनी में देर रात आतिशबाजी से दहशत

रहवासियों ने सिटी कोतवाली पहुंचकर पुलिस से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर की सिसोदिया कॉलोनी सुमन टेंट हाउस वाली गली में देर रात असामाजिक तत्वों द्वारा की जा रही भारी आतिशबाजी से रहवासी बुरी तरह दहशत में हैं। दो दिनों से लगातार रात के दो बजे के बाद हो रहे इस उपद्रव के खिलाफ मंगलवार को कॉलोनीवासियों ने लामबंद होकर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी को एक शिकायती आवेदन सौंपा है। आवेदन में रहवासियों ने बताया कि 3 और 4 अगस्त की मध्यरात्रि 2 बजे के आसपास अज्ञात युवकों द्वारा 50 से अधिक शॉट वाली तेज आतिशबाजी चलाई गई। अचानक हुए इस भारी धमाके से पूरी कॉलोनी घबरा गई। निवासियों का कहना है कि कॉलोनी में पास-पास मकान हैं और गैस पाइपलाइन भी निकली हुई है, जिससे कोई बड़ा हादसा हो सकता था।



मना करने के बावजूद अगले दिन फिर वही घटना दोहराई गई। कॉलोनीवासियों के अनुसार, यह कृत्य करने वाले लोग आसपास के ही किराएदार प्रतीत हो रहे हैं, जिनकी हरकतें पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में साफ कैद हुई हैं। शिकायती आवेदन पत्र सौंपने वालों में कैलाश नारायण, चंद्रशेखर खान, गणेश सहित समस्त सिसोदिया कॉलोनी निवासी शामिल रहे। उन्होंने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

2.5 किलो सोना, 6 किलो चांदी और लाखों की नकदी चोरी मामले में फूटा गुस्सा

एसपी को सौंपा ज्ञापन, 24 घंटे में माल बरामदगी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के चक चुरैला गांव में प्रतिष्ठित एवं संपन्न कृषक बाबूलाल मीना के निवास पर हुई करोड़ों रुपये की दुस्साहसिक चोरी और डकैती की वारदात को लेकर मीना समाज में भारी रोष व्याप्त हो गया है। घटना के विरोध में मंगलवार को मध्यप्रदेश मीना समाज सेवा संगठन के बैनर तले विशाल संख्या में परिजनों, जनप्रतिनिधियों और समाजबंधुओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी हितिका वासल को एक ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि आरोपियों की लगभग पूरी पहचान उजागर होने के बाद यदि 24 घंटे के भीतर चोरी गया करोड़ों का माल बरामद नहीं किया गया और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो संपूर्ण समाज जिला स्तर पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने पहुंचे समाज के प्रतिनिधिमंडल को एसपी हितिका वासल ने अपने कक्ष में बुलाकर वार्ता की। एसपी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि पुलिस की कई टीमें इस जघन्य वारदात की जांच में जुटी हुई हैं, संदिग्धों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही माल बरामदगी के साथ आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। मध्यप्रदेश मीना समाज सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी मीना के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 2 और 3 अगस्त की दरमियानी रात लगभग 2:30 बजे चक चुरैला निवासी बाबूलाल मीना के घर में 20 से 25 अज्ञात बदमाशों संभावित पारदी गिरोह ने धावा बोला। बाबूलाल मीना समाज के बेहद समृद्ध और प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। उनके घर से करीब ढाई किलोग्राम सोने के आभूषण, 6 किलोग्राम चांदी और 11.50 लाख रुपये नकद सहित 3 करोड़ से अधिक की कुल संपत्ति पार कर दी गई। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि इस वारदात से केवल मीना समाज ही नहीं, बल्कि आसपास के समस्त ग्रामीण व शहरी अंचल में भारी असुरक्षा और आक्रोश का माहौल है। संगठन ने मांग की कि पुलिस 24 घंटे के अंदर चोरी गई राशि व जेवरात की शत-प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित करे, अन्यथा समाज सडक़ पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेगा।

जताई मुखबिरी की आशंका

वारदात का पूरा घटनाक्रम बेहद दुस्साहसिक और सुनियोजित था। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 2 से 4 बजे के बीच जब बाबूलाल मीना, उनकी पत्नी और बेटा रंजीत दो अलग-अलग कमरों में सो रहे थे, तब चोरों ने बाहर से उनके कमरों की कुंडी लगा दी। बदमाशों ने सबसे पहले घर की खिडक़ी की एक ग्रिल निकाली। ग्रिल के छोटे से सुराख से एक पतला व्यक्ति अंदर दाखिल हुआ और उसने अंदर से मुख्य दरवाजा खोल दिया। मुखबिरी की आशंका जताई है।

जनसुनवाई में 265 आवेदनों पर सुनवाई, राजस्व-पंचायत की संयुक्त व्यवस्था रही प्रभावी

कई मामलों का मौके पर निराकरण, खिले आवेदकों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य, नामांतरण सहित विभिन्न विषयों से संबंधित 265 आवेदन प्राप्त हुए। राजस्व एवं पंचायत विभाग की संयुक्त व्यवस्था के चलते कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जनसुनवाई में राजस्व अधिकारियों एवं पंचायत विभाग की पूरी टीम को संयुक्त रूप से बैठाया गया, ताकि दोनों विभागों से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जा सके।

रेडक्रॉस सोसायटी से जरूरतमंद हितग्राहियों को आर्थिक सहायता

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरांत संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 03 जरूरतमंद हितग्राहियों को आर्थिक सहायता स्वीकृत का चेक प्रदान किए गए। कर्नेलगंज निवासी असिया बेगमा को अपने भवन की मरम्मत के लिए 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार कैंसर पीड़ित तहसील राघौगढ़ निवासीगनपत सिंह तथा तहसील कुंभराज निवासी मुन्नालाल मीना को उपचार हेतु 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टरअखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायतअभिषेक दुबे, एसडीएम गुना श्रीमती शिवानी पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टरदेवांशु शिवहरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उपभोक्ता सेवा केन्द्र से 3334 शिकायतों का निराकरण

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में प्रारंभ किये गये उपभोक्ता सेवा केन्द्र नागरिकों को सशक्त उपभोक्ता' बना रहा है। यदि आपके आसपास किसी पात्र व्यक्ति को NFSA का लाभ नहीं मिल रहा है। तो वह उपभोक्ता सेवा केन्द्र पर सेवा का लाभ ले सकते है। जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम केवल एक कानून नहीं है बल्कि हर नागरिक को भोजन का अधिकार देने वाली एक ऐतिहासिक गारंटी है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मानजनक पोषण पहुंचाना है। लेकिन कोई भी कानून तब तक पूरी तरह सफल नहीं हो सकता जब तक आम जनता को उसका लाभ आसानी से न मिले। इस हेतु खाद्य विभाग का उपभोक्ता सेवा केन्द्र सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 01 जनवरी 2026 से 31 जुलाई 2026 तक 3334 उपभोक्ताओं को निःशुल्क सेवाएं प्रदान की गई है। इन सेवाओं में प्रमुख रूप से पात्रता पर्ची में नाम जोड़ने की 1099, नवीन पात्रता पर्ची जारी करने की 375, पात्रता पर्ची से नाम काटने की 265, राशन हेतु ई-केवाईसी की समस्याओं की 430 गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की 743, उपार्जन से संबंधित कार्य की 398 के साथ राशन नहीं मिलने, दुकान नहीं खुलने डुप्लीकेट पात्रता पर्ची जारी करने, पात्रता पर्ची में नाम सुधार, पता परिवर्तन आदि से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। कोई भी व्यक्ति, उपभोक्ता सेवा केंद्र पर प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आवेदन कर सकता है और यथा संभव सायंकाल 6:00 बजे तक उसका निराकरण किया जा रहा है। इस उपभोक्ता सेवा केंद्र से की जा रही सेवाओं से उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं।

अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

जिले के दो गांवों में दबिश देकर अवैध मदिरा की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में मंगलवार को आबकारी वृत्त गुना -1 के प्रभारी राधाकिशन द्वारा ग्राम भैंहटा एवं रोरी में दबिश दी गयी । भेंटा से 50 किग्रा लाहन एवं 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गयी ग्राम रोरी से 200 किग्रा लाहन एवं 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गयी। कुल 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 250 किग्रा लाहन जब्त लिया गया। लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया । जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 31,000/- हजार रुपये है। दबिश के दौरान म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीना, अरुण कुमार शर्मा, कमल बरौदिया, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी, खुशबू रघुवंशी, की भूमिका सराहनीय रही ।



समाचार संक्षेप

पीएम का लाइव प्रसारण देख हिंदुपत इंस्टीट्यूट में गूंजा नशा मुक्त भारत का संकल्प



राघौगढ़। हिंदुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग, राघोगढ़ में नशा मुक्त युवा – विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीधे प्रसारण का सामूहिक रूप से अवलोकन किया तथा नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया।कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद सिंह भदौरिया ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर माय भारत के वॉलंटियर्स सत्यभावना मीना, मिथलेश मीना, निकिता मीना एवं रानू मेर ने सभी स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों के साथ मिलकर नशा मुक्त भारत का जोशीला उद्घोष कराया तथा सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने ₹नशे को ना, विकसित भारत को हाँ₹ का सामूहिक संकल्प लिया।

आरोन यूथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष हिम्मत सिंह को कुशवाह समाज की नई जिम्मेदारी सौंपी



आरोन। ब्लॉक कुशवाह समाज का अध्यक्ष पद पर वोटिंग द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बधाई कर्ता रामबाबू कुशवाह पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष नीरज कुशवाहा ठेकेदार आधार सिंह कुशवाह फूल सिंह कुशवाह अर्जुन कुशवाह मोहरी रामस्वरूप कुशवाह ठेकेदार राम सिंह कुशवाह अर्जुन कुशवाह ठेकेदार हीरालाल कुशवाह, राम सिंह कुशवाह रमेश कुशवाह, राजू कुशवाह, ठेकेदार विनोद कुशवाह, बरखेड़ा लेखराज कुशवाह, रामलाल कुशवाह, ठेकेदार नरेंद्र कुशवाह, रामदयाल कुशवाह, मनीराम, छोटू ,सूरज, धर्मेंद्र कुशवाह दिलीप, नारायण सिंह , चंदू , प्यासी सत्येंद्र , अतुल , कृष्णा ,सुनील , सौरभ,गजराज सिंह, दीपक कुशवाह एवं कुशवाहा समाज द्वारा बधाई दी गई ।

एसडीएम राघोगढ़ ने बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

राघौगढ़ । आगामी 7 अगस्त से प्रारंभ होने वाले मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान तथा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राघोगढ़ अमित सोनी ने सोमवार को अनुविभाग कार्यालय में खंड स्तरीय अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जनहित से जुड़े कार्यों की विभागवार समीक्षा करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।

श्री दास हनुमान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिवस

परीक्षित जन्म और कलयुग की कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर, धर्म पथ पर चलने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



श्रावण मास के पावन अवसर पर श्री दास हनुमान मंदिर, आरोन में 2 अगस्त से आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ निरंतर श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हो रहा है। कथा के तीसरे दिवस व्यासपीठ से पूज्य कथावाचक आशीष भार्गव ने श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण एवं सरल भाषा में वर्णन किया, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।कथा के दौरान व्यासजी ने महात्मा विदुर के आदर्श जीवन, उनकी नीति, धर्मनिष्ठा एवं भगवान के प्रति अटूट भक्ति का वर्णन करते हुए बताया कि सत्य, धर्म और सदाचार का पालन करने वाला व्यक्ति जीवन में सदैव सम्मान प्राप्त करता है। इसके साथ ही सृष्टि विस्तार का प्रसंग सुनाते हुए भगवान की दिव्य सृष्टि की रचना और उसके रहस्यों का विस्तार से वर्णन किया गया।व्यासजी ने भगवान श्रीहरि के वराह अवतार की कथा का भी भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब पृथ्वी रसातल में चली गई थी, तब भगवान विष्णु ने वराह अवतार धारण कर पृथ्वी का उद्धार किया और धर्म की पुनः स्थापना की। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर हो गए।

पूर्व दिवस की कथा में महाराज परीक्षित के जन्म का प्रसंग सुनाया गया था। साथ ही कलियुग के स्वरूप का वर्णन करते हुए बताया गया कि वर्तमान युग में भगवान के नाम का स्मरण, सत्संग, भक्ति और श्रीमद्भागवत का श्रवण ही मानव जीवन के कल्याण का सर्वोत्तम मार्ग है।कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती में भाग लिया तथा प्रसादी ग्रहण की। संपूर्ण मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से गुंजायमान रहा। कथा प्रतिदिन श्रद्धालुओं की उपस्थिति में जारी है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित कर दिए प्रशस्ति पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नवाचार के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्री कन्याल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर कार्यालय गुना के सहायक ग्रेड-02इकबाल उद्दीन कुरैशी को सिविल सूट शाखा एवंहेमंत शाक्यवार को स्थापना शाखा, आबकारी विभाग से सहायक जिला आबकारी अधिकारीइन्द्रपाल सिंह बाल्के, सहायक ग्रेड-03गिरिराज शर्मा एवं सुश्री निर्मला इक्का, कम्प्यूटर ऑपरेटररजनिश शर्मा, मार्कफ़ेद गोदाम प्रभारी आरोनतेजनारायण शर्मा को शासकीय कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टरअखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायतअभिषेक दुबे सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय हैं कि प्रति माह उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने का नवाचार कलेक्टर द्वारा आरंभ किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जिले को प्रदेश व देश स्तर पर अग्रणी बनाने का प्रयास करें।

चाचौड़ा में यूरिया वितरण को लेकर प्रशासन अलर्ट, किसानों की भारी भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा


क्षेत्र में यूरिया वितरण को लेकर किसानों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला तथा वितरण केंद्र पर सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं।

यूरिया वितरण के लिए टोकन वितरण प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे यूरिया प्राप्त करने के लिए निर्धारित तिथि एवं समय पर टोकन के साथ आवश्यक दस्तावेज अवश्य लेकर आएं, ताकि वितरण प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके।व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए एसडीएम अमित सोनी, तहसीलदार मयंक खेमरिया तथा थाना प्रभारी राजोरिया स्वयं मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने किसानों से धैर्य बनाए रखने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की, जिससे सभी पात्र किसानों को व्यवस्थित तरीके से यूरिया उपलब्ध कराया जा सके।

राघौगढ़ के शिष्ट मंडल ने भोपाल में आचार्य समय सागर जी महाराज से आशीर्वाद लिया

चातुर्मास काल में संतों के समागम से समाज का उदय: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



इस सदी के महान संत दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के विशाल मुनि संघ के नवाचार्य समय सागर जी महाराज का चातुर्मास विद्योदय तीर्थ हबीबगंज भोपाल में ससंघ चल रहा है। जैन समाज राघौगढ़ के शिष्ट मंडल ने भोपाल में आचार्य समय सागर जी महाराज को श्रीफल भेंट कर मंगल आशीर्वाद लिया। राघौगढ़ नगर में चातुर्मास हेतु पधारे मुनि श्रवण सागर जी एवं ओंकार सागर जी महाराज का चातुर्मास राघौगढ़ करने आदेश प्रदान करने के आभार व्यक्त किया। मुनि संघ के पावन सानिध्य में चल रही विभिन्न धार्मिक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी एवं आगामी 9 अगस्त रविवार को राघौगढ़ नगर में मुनि संघ के चातुर्मास कलश समारोह की विस्तार से जानकारी दी एवं आशीर्वाद लिया। आचार्य समय सागर जी महाराज ने आशीर्वाद देते हुए कहा चातुर्मास काल में संतों का समागम समाज का महान पूर्ण का उदय होता है। चातुर्मास काल में समाज को मुनि राजों के सानिध्य का लाभ लेना चाहिए। राघौगढ़ नगर गौरव युवा मुनि निर्लेप सागर जी महाराज के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन लिया। मुनिराज ने शिष्ट मंडल के सदस्यों को आव्हान किया कि चातुर्मास कल में समाज को संत सेवा की साथ-साथ अधिक से अधिक धर्म लाभ लेना चाहिए। आपने कहा हमारा सौभाग्य है कि हम आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज जी के शिष्य एवं अनुयायी हैं। आज उनके विशाल संघ का संचालन नवाचार्य समय सागर जी महाराज कर रहे हैं। आपने यह भी कहा कि चातुर्मास काल को अविस्मरणीय बनाने के लिए समाज के अधूरे कार्यों को मुनि संघ के पावन सानिध्य में पूर्ण करने का प्रयास करें। शिष्ट मंडल में जैन समाज राघौगढ़ के लोकप्रिय अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य, मार्गदर्शक मंडल के सदस्य विजय कुमार जैन पत्रकार, अरविंद कुमार जैन रिटायर्ड तहसीलदार, संतोष कुमार जैन, मंत्री अमित जैन रानू, सहकोषाध्यक्ष निखिल राजा चौधरी, ट्रस्ट कमेटी के सदस्य गण प्रमोद कुमार जैन रिटायर्ड मंडी सचिव, संजीव कुमार जैन पप्पू, अशोक कुमार जैन भरसूला वाले आदि मौजूद रहे।

हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी और बुलडोजर कार्रवाई की मांग, धरने पर बैठे परिजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मंदसौर मिल क्षेत्र में युवक अभिषेक कुशवाह की हत्या के मामले में मंगलवार की दोपहर के समय मृतक के परिजनों और कुशवाह समाज के लोगों का आक्रोश सामने आया। बड़ी संख्या में लोग कलेक्ट्रेट गेट पर धरना-प्रदर्शन करने पहुंचे और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सहित उनके मकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम इसरार खान तथा पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में मृतक के पिता अनिल कुशवाह ने आरोप लगाया कि 31 जुलाई की रात करीब 10.45 बजे उनका पुत्र अभिषेक कुशवाह घर पर खाना खा रहा था। इसी दौरान कुछ लोग घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगे और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए बाहर बुलाया। आरोप है कि आरोपी घर में घुस आए, अभिषेक को जबरन घसीटकर बाहर ले गए और धारदार हथियारों से हमला कर उसकी गला रेतकर हत्या कर दी। परिजनों का आरोप है कि हत्या पुरानी रंजिश और न्यायालय में लंबित मामले में राजीनामा करने का दबाव बनाने के कारण की गई। ज्ञापन में कल्लू उर्फ महेश कुशवाह, निहाल कुशवाह, मिथुन कुशवाह, रीना, सपना, छोटू और जगदीश उर्फ छुट्टन सहित नामजद आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई है। साथ ही आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने की भी मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यदि आरोपियों के खिलाफ जल्द कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।



देव स्थान पर मधुमक्खियों का हमला भजन-कीर्तन के दौरान मची भगदड़

अशोकनगर। जिले के कबीरा गांव में शाम एक देव स्थान पर आयोजित भजन-कीर्तन के दौरान मधुमक्खियों के अचानक हुए हमले से अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में करीब एक दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए जबकि चार लोगों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, गांव के देव स्थान पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भजन-कीर्तन में शामिल थे। इसी दौरान वहां भोजन भी तैयार किया जा रहा था। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक, देव स्थान के समीप मधुमक्खियों का एक बड़ा छत्ता लगा हुआ था। अचानक हवा का रुख बदलने से खाना बनाने का धुआं छत्ते तक पहुंच गया, जिससे मधुमक्खियां आक्रामक हो गईं और वहां मौजूद लोगों पर झुंड बनाकर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना में करीब एक दर्जन लोग घायल हुए। इनमें दिनेश शर्मा (60), राजेश सिंह रघुवंशी (55), टीकाराम (70) और देवलाल अहिरवार (35), सभी निवासी कबीरा गांव, गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से गंभीर घायलों को रात में जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर विहिप-बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा जिले में गो- तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने, बहन-बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा विभिन्न स्थानों पर बढ़ रही असामाजिक एवं अराजक गतिविधियों पर कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि जिले में गोवंश के अवैध परिवहन एवं गो-तस्करी पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए संवेदनशील मार्गों पर प्रभावी निगरानी एवं नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाए। संगठन ने विभिन्न कोचिंग सेंटरों के आसपास छात्र-छात्राओं की छुट्टी के समय असामाजिक तत्वों द्वारा भीड़ का लाभ उठाकर हंगामा एवं हुड़दंग किए जाने की घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की। ज्ञापन में कोचिंग संस्थानों के आसपास पुलिस की नियमित पेट्रोलिंग एवं निगरानी बढ़ाने तथा अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की गई। ज्ञापन में चंदेरी में हुई घटना के संबंध में दिनांक 8 जून 2026 को बजरंग दल द्वारा पूर्व में दिए गए ज्ञापन का भी उल्लेख किया गया। संगठन ने कहा कि उक्त मामले में कार्यवाही का आश्वासन दिए जाने के बावजूद आज दिनांक तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। संगठन ने मामले में नियमानुसार शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही किए जाने की मांग की। इसके साथ ही जिले में संचालित जिम, फिटनेस क्लब, वुशु, कराटे, ताइक्वांडो एवं अन्य मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण केंद्रों में महिला प्रशिक्षुओं के लिए महिला प्रशिक्षक तथा पुरुष प्रशिक्षुओं के लिए पुरुष प्रशिक्षक की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी ज्ञापन में रखी गई। संगठन ने इन संस्थानों के नियमित सत्यापन, आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद विभाग सह मंत्री रामवीर सिंह यादव, बजरंग दल विभाग संयोजक वेदराम लोधी, विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री कंछेदी दांगी, डॉ. दशरथ सिंह, अमित पड़रिया, रमेश गुप्ता, अशोक रघुवंशी, दिलीप सोनी, राहुल जैन, संतोष शर्मा सहित बड़ी संख्या में विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उद्यम संवाद कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत प्रति शुक्रवार को जिले के विकासखण्डों में आयोजित होने वाले शिविरों में उद्यम संवाद कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को हितग्राहियोंमूलक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर साकेत मालवीय ने की। बैठक में जिला वनमण्डाधिकारी प्रतिभा अहिरवार,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने निर्देश दिए कि उद्यम संवाद के दौरान पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार योजना अंतर्गत बैंक ऋण स्वीकृति पत्र का वितरण कराकर लाभ दिया जाए। क्षेत्र के उद्यमी के साथ संवाद स्थापित कराया जाए। स्वरोजगार योजनाओं का लाभ देने में आने वाले कठिनाईयों का समाधान कराया जाए। उद्योग स्थापित करने हेतु पात्र हितग्राहियों को प्रेरित किया जाए। उद्यम संवाद कार्यक्रम में हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। स्वरोजगार से संबंधित हितग्राहियों को आमंत्रित किया जायेगा। पात्र हितग्राहियों से आवेदन पत्र प्राप्त किये जायेगें। साथ ही अन्य लंबित सुविधाओ,सेवाओं का प्रदाय किया जायेगा। साथ ही उद्यम हेतु रजिस्ट्रेशन कराया जायेगा।

अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

जनसुनवाई में कलेक्टर ने 265 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 265 आवेदकों ने आवेदन दिए। जनसुनवाई में ग्राम बहेरिया निवासी भग्गोबाई जाटव द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम पिपलखेडा निवासी रामको बाई द्वारा भूमि पर कब्जा करने,ग्राम सर्कर निवासी सुनील शर्मा द्वारा अंकसूची एवं टीसी दिलाये जाने,ग्राम तिघरा निवासी बहादुर सिंह द्वारा नामांतरण कराये जाने, मुंगावली निवासी गंगाबाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम अमाही निवासी प्रकाश कुशवाह द्वारा चैकीदार की वेतन दिलाये जाने,मुंगावली निवासी ममताबाई द्वारा अनुग्रह सहायता राशि दिलाये जाने,ग्राम डगाई निवासी लम्पु अहिरवार द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा करने,ग्राम सिहोर निवासी बाबूलाल द्वारा वृद्धावस्था पेंशन दिलाये जाने,मुंगावली निवासी रामप्यारी कोरी द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,अशोनगर निवासी धनकुमारी बाई द्वारा नए घरेलू बिजली कनेक्शन दिलाये जाने,मुंगावली निवासी अंतिम जैन द्वारा विवाह प्रोत्साहन राशि दिलाये जाने,ग्राम राजेबामोरा निवासी घनश्याम अहिरवार द्वारा पट्टा अमल कराये जाने,ग्राम नरखेडा निवासी अमर सिंह प्रजापति द्वारा भूमि पर कब्जा किये जाने सहित अन्य समस्याओं संबंधी आवेदन प्राप्त हुए है।जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करते हुए उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



किसानों ने यूरिया खाद न मिलने पर विरोध प्रदर्शन किया

अशोकनगर। स्थानीय डबल लॉक केन्द्र के बाहर किसानों ने दूसरे दिन भी यूरिया खाद न मिलने पर जाम लगाया जिससे सड़क पर लोगों को वाहन निकालने में समस्याओं का सामना करना पड़ा। इस दौरान रास्ते से निकल रहे लोगों का धरना दे रहे किसानों के साथ विवाद भी हुआ। इस दौरान किसान सड़क से गुजर रहे अन्य लोगों के साथ भी उलझते नजर आए। प्रदर्शन करने वाले और निकलने वाले लोग भी किसान ही थे जिसके बाद पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा और उन्हे समझाइश दी गई।

बुधवार को अपरिहार्य कारणों से यूरिया का वितरण रहेगा बंद उप संचालक कृषि अमित भदौरिया ने बताया कि बुधवार को जिले के सरकारी गोदाम डबल लोक केन्द्र विदिशा रोड़ अशोकनगर तथा ए.पी. एग्रो पुरानी मण्डी अशोकनगर से अपरिहार्य कारणों से यूरिया उर्वरक वितरण बंद रहेगा। कृषकों को अन्य उर्वरक एन.पी.के. इत्यादि का वितरण सुचारू रूप से किया जायेगा।

कलेक्टर से व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग

घायल गोवंश को गौशालाओं में नहीं मिल रहा आश्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में घायल, बीमार एवं निराश्रित गोवंश को उपचार के बाद गौशालाओं में आश्रय नहीं मिलने की समस्या को लेकर राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद संगठन ने आज जनसुनवाई में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन से व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

संगठन का कहना है कि कई गौशालाएं उपचारित गोवंश को रखने से इंकार कर देती हैं, जिससे गौ सेवकों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो जाता है।आवेदन में बताया गया कि संगठन पिछले कई वर्षों से जिले में सड़क दुर्घटनाओं में घायल, बीमार एवं असहाय गोवंश का रेस्क्यू कर उनका उपचार कराने का कार्य कर रहा है। उपचार के बाद गोवंश को सुरक्षित गौशालाओं में पहुंचाने का प्रयास किया जाता है, लेकिन कई स्थानों पर गौशाला संचालक उन्हें रखने से मना कर देते हैं। रात्रिकाल में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि अधिकांश गौशालाएं रात में गोवंश लेने से इनकार कर देती हैं। इससे घायल पशुओं को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना चुनौती बन जाता है। संगठन ने कहा कि यदि गौशालाएं ही निराश्रित एवं उपचारित गोवंश को आश्रय देने से इंकार करेंगी तो गौ संरक्षण का उद्देश्य प्रभावित होगा और घायल पशु दोबारा जोखिमों का शिकार हो सकते हैं।

खबर संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर घायल

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत माता मोहल्ला निवासी विनेन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बाईक चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसके बेटे को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

सर्प दंश से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत जितेन्द्र पाल निवासी डुंगासरा को सर्प ने डस लिया था, जिसके बाद परिवार जन उसे चंदेरी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है,मामले की जांच की जा रही है।

प्रति शुक्रवार आमजन के बीच पहुंचेगा प्रशासन

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार जिले में 07 अगस्त से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की शुरूआत होगी। यह अभियान 08 जनवरी 2027 तक संचालित किया जायेगा। इस अभियान में मंत्रीगण,राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी मैदानी भ्रमण कर आमजन से संवाद कर समस्याओं का निराकरण करेगें। साथ ही अधिकारियों द्वारा क्षेत्र की शासकीय संस्थाओं का चेकलिस्ट अनुसार निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगें। शिविर माह अगस्त में 07 अगस्त को विकासखण्ड मुंगावली के ग्राम पंचायत बीड सरकार में,14 अगस्त विकासखण्ड चंदेरी के नगरपरिषद चंदेरी में,21 अगस्त को विकासखण्ड अशोकनगर के ग्राम पंचायत कजराई में, 28 अगस्त को विकासखण्ड ईसागढ़ के ग्राम पंचायत कदवाया में आयोजित किये जायेगें।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी बाबूलाल पनिका ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवपुरी निवासी राजीव जैन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत धतुरिया निवासी हरिचरण रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ख्यालीराम, श्रीराम, शीलचन्द और धर्मेन्द्र साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारमहू निवासी अमरसिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लखन सिंह रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी कांताबाई रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहर सिंह, शुभम सिंह, सरोज सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत खानपुर, नयाखेडा निवासी गोविन्द आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू और रम्भा आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टोड़ा नई वस्ती निवासी बृजलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकिशन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयागांव निवासी सिरकमल सिंह गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इन्द्रभान, लल्लीराम, जगदीश, शिशुपाल, उदयभान, कोमल सिंह रामवती बाई, नीरज बाई, क्रेश बाई गुर्जर ने एक राय होकर फरियादी की लाठी डंडो उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से इन्द्रभान गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सबाइलाल, हरवीर, मोहन, रणवीर, श्रीराम, रामकुमार धमेन्द्र, सुरेन्द्र,मोहन बाई, कल्लों बाई, सरकमल गुर्जर ने लाठी डंडो और फरसों से मारपीट की। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत मक्तनखेडी निवासी बाबूलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ओमकार हरकिशन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

पछाड़ी के कई सर्वे नंबरों पर नाले गायब, गोरा घाट से निकली नदी का अतापता नहीं

शहर में नालों की जमीन पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में भू माफिया इस तरह से सक्रिय हैं कि शासकीय जमीनों को बचने भी नहीं दे रहे हैं और तो और नालों की जमीनों को भी गायब कर दिया गया है। यह भी सभी जानते हैं कि अशोकनगर के तुलसी सरोवर के निर्माण से पहले एक पछाड़ी खेडा की नदी भी हुआ करती थी, उस नदी का भी अता पता नहीं हैं जितनी भी कार्यवाहियां हो रही हैं या तो वह अखबारों में छपी खबरों के कारण हो रही हैं या फिर जन सुनवाई में आने वाली शिकायतों के बाद प्रशासन जाग रहा है।

इसी क्रम में पछाड़ी के सर्वे नंबर 153 की भूमि को लेकर तहसीलदार अशोकनगर द्वारा नोटिस भी जारी किए गए हैं, जिनमें विनोद जैन, सीमा अहिरवार, दिनेश, निरंजन, आदि शामिल हैं। एसडीएम इसरार खान ने बताया कि उक्त सर्वे नंबर की भूमि को लेकर तहसीलदार द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। यह भी बताया जाना जरूरी है कि शहर में जितने भी नाले निकले थे उनमें अगर एक दो नालों को छोड़ दे तो शेष नालों की जमीन गायब है, सबसे बड़ी बात तो यह है कि पछाडी खेडा की नदी जो तुलसी सरोवर से ईसागढ रोड जाकर मिलती थी उस नदी का भी अता पता नहीं है। 70 के दशक में वर्धमान स्कूल के तत्कालीन शिक्षक कौदूलाल द्वारा एक शिक्षकों को भ्रमण कार्यक्रम भी बनाया गया था,जिसमें इस दल ने ईसागढ रोड से अशोकनगर शहर में आने वाली पछाड़ी खेडा की नदी तक भ्रमण किया था, उस समय तालाब नहीं था, तालाब का निर्माण तो 1977 में हुआ, उसके बाद नदी गायब हो गई।





शहर में कॉलोनाईजरों की कतार, चारों तरफ कॉलोनी ही कॉलोनियां


शहर में कॉलोनाईजरों की संख्या इतनी अधिक हो गई है कि 5 किलोमीटर से लेकर 7 किलोमीटर की परिधि में कॉलोनियां ही कॉलोनियां नजर आ रही है। शहर तो शहर ग्रामीण अंचलों में भी कॉलोनियां कटना प्रारंभ हो गई हैं। शहर ग्रामों में पहुंच गया है। कॉलोनाईजर होने के साथ साथ प्लॉटों का सौदा करने और कराने वाले दलालों की संख्या भी इतनी अधिक हो गई है कि हर रोज दो नए दलाल पैदा हो रहे हैं। इन दलालों के न तो कोई लायसेंस हैं न कोई इस तरह का व्यापार करने की कोई परमिशन या फिर स्वीकृति की व्यवस्था है, शहर में कॉलोनाईजरों का जाल फैल गया है। कॉलोनियों को लेकर भी शासन ने गाईडलाईन जारी की है लेकिन उस गाईडलाईन का कोई पालन नहीं हो रहा है जिसके कारण आए दिन विवाद सामने आते हैं। लोगों को अपनी जमीन बचाना मुश्किल हो रहा है कब किसकी जमीन पर कब कब्जा हो जाए कोई अता पता नहीं हैं।

कॉलोनी काटी लेकिन सुविधाएं नहीं, नागरिक सामने आए

स्थानीय पुरानी तहसील के सामने स्थित केशरबिहार कॉलोनी को लेकर यहां रहने वाले रहवासियों ने बताया कि कॉलोनाईजर ने कॉलोनी काट दी है लेकिन यहां पानी की निकासी है, न खंबो पर लाईट है न नाली की सफाई हो पा रही है और पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। इस दौरान माधौ सिंह रघुवंशी, अभयराज रघुवंशी ने पत्रकारों को बताया कि इस कॉलोनी में कोई व्यवस्था नहीं है, खंबों पर बिजली नहीं होने के कारण हमेशा चोरी का खतरा बना रहता है,उनका कहना था कि 28 जुलाई को भी जनसुनवाई में उनके द्वारा शिकायत की गई थी, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अभी तक यह पता नहीं है कि यह कॉलोनी नगरपालिका को हैण्डओवर हुई है या नहीं।

राजपुर में स्वास्थ्य केन्द्र की बाउंण्ड्री वॉल का निर्माण अतिक्रमण के कारण रुका

जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर राजपुर में स्वास्थ्य केन्द्र के नए भवन का निर्माण हो चुका है, पिछले दिनों एसडीएम इसरार खान और बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई थी, तब इस बैठक में यह मामला सामने आया था, आज तक यह भवन शासन को समर्पित नहीं हो पाया है क्योंकि यहां बांउण्ड्री वॉल का निर्माण होना है और बाउंण्ड्री वॉल अधूरी हैं, यहां बाउण्ड्री वॉल का निर्माण इसलिए नहीं हो पा रहा है क्योंकि यहां पर 6 लोगों ने यहां खाली जगह पर कब्जा कर लिया है या फिर मकान बना लिया है, जिनमें सर्वे नंबर 784 की भूमि पर शाहरूख, साहिद, जाबेद, सभी पुत्र महबूब खां, हसीना बानों पत्नि राजू खां, पातिराम पुत्र कन्हैयाराम कुशवाह, और देवी सिंह पुर दिमा सिंह कुशवाह शामिल हैं। इन सभी को नोटिस जारी किए गए है।



27 साल से फरार हत्या का आरोपी राजेंद्र स्वामी मुंगावली से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने पिछले 27 सालों से पुलिस को गच्चा दे रहे खूंखार अपराधी राजेंद्र स्वामी उर्फ राजेंद्र मल को मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले के मुंगावली से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर हरियाणा में हत्या और हत्या के प्रयास के संगीन मामले दर्ज हैं, वहीं दिल्ली में भी चोरी और आम्स एक्ट के तहत केस दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, यह फरारी की एक बेहद पुरानी और पेचीदा गुत्थी थी। साल 1999 में उत्तर प्रदेश पुलिस की हिरासत में जब आरोपी को सोनीपत कोर्ट में पेशी के लिए लाया जा रहा था, तब वह पुलिस चकमा देकर हिरासत से फरार हो गया था। इसके बाद से ही वह लगातार अपनी पहचान बदल रहा था।

पहचान छुपाकर मुंगावली में बिता रहा था दिन

हिरासत से भागने के बाद आरोपी राजेंद्र स्वामी मध्यप्रदेश के मुंगावली जा पहुंचा। वहां उसने अपना नाम बदलकर राजेंद्र मल रख लिया और अपनी पुरानी पहचान पूरी तरह छुपाकर आम जिंदगी जीने लगा। उसे लगा था कि इतने सालों बाद कानून के हाथ उस तक नहीं पहुंच पाएंगे, लेकिन क्राइम ब्रांच की नजर उस पर टिकी हुई थी।

क्राइम ब्रांच की टीम ने ऐसे दबोचा: गुप्त सूचना और सटीक इनपुट के आधार पर दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के सब-इंस्पेक्टर दीपक दाईया के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया। टीम ने मुंगावली में दबिश देकर आरोपी को धर दबोचा। पुलिस अब आरोपी से आगे की पूछताछ कर रही है और संबंधित राज्यों की पुलिस को भी इसकी सूचना दे दी गई है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शाढ़ौरा मंडल अध्यक्ष बने दिलीप यादव



शाढ़ौरा। भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता दिलीप यादव परवई को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शाढ़ौरा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही उन्हें सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया।



हजारेश्वर मंदिर में शिव आराधना की गई

अशोकनगर। विश्व माँगल्य सभा द्वारा गड़ी स्थित हजारेश्वर मंदिर में पांच स्त्रोत पाठ रुद्राष्टक शिव मानस पूजा लिंगाष्टकम शिव पंचाक्षर स्त्रोत द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं शिव जी के 108 नाम के साथ अभिषेक एवं पूजन किया गया एवं प्रत्येक वर्ष की भांति अति पवित्र श्रावण मास में विश्व मांगलयसभा द्वारा रखा जाता है इस वर्ष भी शहर के 11 शिवालयों में शिवार्चन का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर अनुराधा कृष्ण पाल यादव रहे, कार्यक्रम का संचालन एवं स्त्रोत पाठ प्रांत सहसंयोजीका कविता साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजक स्नेह लता अग्रवाल एवं संध्या अग्रवाल रही। शिव आराधना से राष्ट्र आराधना का उद्देश्य नागरिकों में त्याग अनुशासन एकता एवं सेवा का भाव जागृत करना है भगवान शिव ने सृष्टि की रक्षा के लिए जहर पीकर सृष्टि की रक्षा का का उदाहरण प्रस्तुत किया उन्होंने सभी को समान भाव से अपना कर समाज में समरसता का संदेश दिया शिवलिंग पर जल चढ़ाने से हमारे अंदर अनुशासन एवं कर्तव्य निष्ठा का भाव जागरूक होता है कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही और सभी ने विश्व कल्याण एवं राष्ट्र की सुख शांति के लिए प्रार्थना की कार्यक्रम का समापन आरती एवं जय घोष के साथ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मातृशक्ति ने संकल्प लिया की हम अपने घर से ही राष्ट्र का निर्माण करेंगे एवं परिवारों में संस्कार कर्तव्य निष्ठा एवं एकता का भाव जब जगाएंगे। कार्यक्रम में प्रांत सहसंयोजक नैना शर्मा रशना यादव जिला सह सयोजीका चंदा यादव साधना शर्मा गीता शर्मा विजय बंसल मधु नयनतारा वीणा व्यास उमा दुबे सीमा सलूजा पूजा अग्रवाल चन्दा नायक शशि गुप्ता प्रीति गुप्ता रचना गुप्ता मंजू बापट मोना साहू नीतू लता सोनी वर्षा शर्मा उषा अग्रवाल गायत्री शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही।

अशोकनगर में नाटक 'कोर्ट मार्शल' का आज तीसरा मंचन

अशोकनगर। बहुचर्चित स्वदेश दीपक के नाटक "कोर्ट मार्शल" का प्रदर्शन अशोकनगर इप्टा के कलाकारों द्वारा पिछले दो दिनों से ऋषभ देव नगर कॉलोनी स्थित रंग आंगन कलाघर में किया जा रहा था। अपार लोकप्रियता हासिल कर चुके इस बहुचर्चित नाटक को दर्शकों की भावनाओं का ध्यान रखते हुए आज पुनः इसका एक और प्रदर्शन किया गया।



नाटक कोर्ट मार्शल सेना के एक जवान रामचंदर जिसने अपने ही दो अफसर पर गोली दी है जिसमें से एक अफसर की मौत हो जाती है और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो जाता है। इसके कारण उस पर आर्मी कोर्ट में मुकदमा चलाया जाता है जिसमें उसके वकील विकास राय उसके गोली जलाने के कारणों को कोर्ट में लाते हैं और उसे न्याय दिलाने की कोशिश करते हैं। रामचंदर के गोली चलाने के कारणों की पड़ताल में यह नाटक सामान समाज में व्याप्त जातिवाद और वर्ग भेद की स्थिति को स्पष्ट रूप से उजागर करने में सफल होता है। इस नाटक में ध्रुरव शर्मा, अफरोज खान, भानु रघुवंशी बृजेंद्र रघुवंशी, अरबाज खान, विनोद शर्मा, कुश चावड़ीकर, कबीर राजोरिया, सीमा राजोरिया संजय माथुर, पंकज दीक्षित आदि सभी कलाकारों का प्रदर्शन शानदार रहा। लेकिन कैप्टन बीडी कपूर की भूमिका कर रहे कबीर राजोरिया, रामचंदर की भूमिका कर रहे कुश चावड़ीकर तथा कर्नल सूरत सिंह की भूमिका कर रहे संजय माथुर की भूमिका उल्लेखनीय रूप से प्रभावी रही। मंच पर प्रकाश व्यवस्था का कार्य हरिओम राजोरिया ने किया, संगीत रामदुलारी शर्मा, वस्त्र सज्जा अरबाज खान तथा कुश की तथा मुख सज्जा संजय माथुर की रही।

बच्चों ने खेल-खेल में सीखी नई बातें

आदिवासी बस्ती बमनावर में बाल चौपाल का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग चंद्रसेना भिड़े के नेतृत्व में परियोजना ईसागढ़ अंतर्गत आदिवासी बस्ती बमनावर में बाल चौपाल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा तथा अभिभावकों की सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। बाल चैपाल के दौरान बच्चों के साथ खेल-आधारित शिक्षण गतिविधियाँ, कहानी वाचन, कविता, गीत, संवाद तथा रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के भाषा विकास, संज्ञानात्मक क्षमता, सामाजिक-भावनात्मक विकास तथा आत्मविश्वास को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही अभिभावकों को नियमित रूप से बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र भेजने तथा घर पर भी खेल-खेल में सीखने का अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में रॉकेट लर्निंग संस्था के मिशन नींव के जिला समन्वयक विपिन रघुवंशी ने मिशन नींव के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों के प्रारंभिक वर्षों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सीखने का अवसर उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों में नियमित उपस्थिति एवं अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता चिडार की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने बच्चों एवं अभिभावकों को विभिन्न शिक्षण गतिविधियों में सहभागी बनाया तथा बाल विकास एवं नियमित आंगनवाड़ी उपस्थिति के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सभी गतिविधियों में भाग लिया तथा अभिभावकों ने इस प्रकार की बाल चैपाल गतिविधियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



शाढ़ौरा। पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में शाढ़ौरा तहसील के सभी पटवारियों की अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर पटवारियों ने अपने-अपने हल्कों के बस्ते और रिकॉर्ड कार्यालय में जमा कर कार्य बहिष्कार किया। शाढ़ौरा तहसील पटवारी संघ के अध्यक्ष शुभम रघुवंशी ने बताया कि प्रदेश संगठन के निर्देश पर सोमवार दोपहर 12 बजे सभी पटवारियों ने अपने हल्कों का रिकॉर्ड कार्यालय में संबंधित कर्मचारी को सौंपकर हड़ताल में भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रमुख मांगों में 2800 ग्रेड-पे प्रदान करना भी शामिल है। पटवारी संघ का कहना है कि लंबे समय से लंबित मांगों पर शासन की ओर से सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने के कारण हड़ताल का निर्णय लिया गया है। पटवारियों के काम बंद करने से राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने और किसानों को नामांतरण, सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार एवं अन्य समस्याओं के निराकरण में परेशानी आने की आशंका है। तहसीलदार जीएस बैरवा ने बताया कि हड़ताल क के दौरान आवश्यक कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए दो नायब तहसीलदारों और राजस्व निरीक्षकों के के सहयोग से जरूरी कार्यों का निराकरण किया जाएगा। प्रशासन ने आवश्यक राजस्व सेवाएं जारी रखने के वे लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है।

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति ने स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु पोषण टोकरी दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति' द्वारा एक प्रेरणादायी सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मजदूर वर्ग की गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं सुरक्षित मातृत्व को ध्यान में रखते हुए समिति की ओर से आवश्यक खाद्य एवं स्वास्थ्य सामग्री से युक्त 'पोषण टोकरी' का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता 'राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी ने की। इस अवसर पर वर्तमान अध्यक्ष विभा मोदी, महामंत्री प्रियंका जैन, कोषाध्यक्ष नीतू मूंदड़ा, महिला एवं युवा प्रकोष्ठ से विनीता मिर्ची, विनीता सोनी, सहमंत्री वर्षा सिंघई सहित समिति की अनेक सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि गर्भवती महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुरक्षित मातृत्व के उद्देश्य से यह पोषण टोकरी प्रदान की जा रही है। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ माँ ही स्वस्थ एवं हृष्ट-पुष्ट शिशु को जन्म देती है, इसलिए गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण और देखभाल अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के पश्चात सभी बहनों ने उत्साहपूर्वक 'मित्रता दिवस भी मनाया। सभी ने एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर शुभकामनाएँ दीं तथा गले मिलकर मित्रता का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत दोस्ती पर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए। मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों एवं तंबोला का भी आयोजन किया गया, जिससे पूरे कार्यक्रम का वातावरण सौहार्द, उत्साह और सामाजिक सेवा की भावना से ओत-प्रोत रहा।

कार्यक्रम के समापन पर मीना रसीला' एवं प्रतिभा जैन' द्वारा सभी के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई। साथ ही राष्ट्रीय मंत्री, अध्यक्ष एवं महामंत्री का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर समिति की सांस्कृतिक मंत्री प्रीति भंडारी, आशी मिर्ची, वरिष्ठ सदस्य सुनीता चैधरी, सपना अजमेर,इंदिरा पाली,सुधा जैन,सरल बंसल, नंदा सोनी, अभिलाषा, भारती,संगीता सच्ची, उषा नैनी, संगीता बहादुरपुर, बॉबी सिंह, दीप्ति जैन, मंजू जैन, स्मिता, अंजलि आदि रहे मौजूद।

भोलेनाथ को मनाने का प्रयास, आज पूजा पाठ और भंडारा

जनता की प्यास बुझाने वाले अमाही तालाब में जल स्तर घटकर 7 फीट पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर शहर की जनता की प्यास बुझाने वाले अमाही तालाब का जल स्तर लगातार गिरावट की ओर है, जलस्तर हर रोज घट रहा है, वर्तमान में 7 फीट पर जलस्तर रह गया है। नीचे सिल्ट जमा है इस कारण 3 से 4 फीट पानी का उपयोग होना पाना संभव नहीं है। इन्द्रदेवता रूठे हैं जिसके कारण जलाशय में पानी नहीं आया है, शहर में पानी की कमी को लेकर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस संकट से निपटने के लिए नपा अध्यक्ष और पार्षद दो दिन पहले भोलेनाथ को मनाने का प्रयास भी कर चुके हैं। इसीक्रम में आज अमाही तालाब पर पूजा पाठ और भंडारे का आयोजन भी किया गया है, ताकि अच्छी वर्षा हो सके।

23 फीट की क्षमता वाले इस तालाब में 23 सीढ़ियां हैं जो तालाब लवालव होने के बाद पूरी तरह डूब जाती हैं, एक सीढ़ी एक फीट की है, जब तालाब का जल स्तर 17 फीट पर आ जाता है तब तालाब से खेती को पानी देना बंद कर दिया जाता है। जिस तालाब से नगरपालिका पानी लेती है, बदले में नगरपालिका जल संसाधन विभाग को पैसा भी जमा कराती है, लेकिन वर्तमान में तालाब के हालात वर्षा की कमी के कारण गंभीर हो गए हैं। जल स्तर लगातार कम होने से नगरपालिका जो शहर की जनता को पानी का वितरण करती है वह इस संकट से निपटने के लिए प्रार्थना कर रही है कि बदरा तालाब पर मेहरवान हो जाएं और पानी की कमी पूरी हो जाए।

इस गंभीर स्थिति का जायजा लेने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया स्वयं अमाही तालाब पहुंचे और वहां जल स्तर का निरीक्षण किया। तालाब में पानी की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए नपा अध्यक्ष मनोरिया ने क्षेत्र में जल्द बारिश होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है, ताकि किसानों को सिंचाई और नगर वासियों को पेयजल की किसी भी गंभीर समस्या का सामना न करना पड़े।





नगर पालिका अध्यक्ष की जनता से अपील

इस जल संकट को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने अशोकनगर के सभी नागरिकों से विशेष आग्रह किया है की हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझें और पानी को बर्बाद होने से बचाएं, घर में जितनी जरूरत हो, केवल उतना ही पानी इस्तेमाल करें। जल है तो जीवन हैकृआइए इस संकट के समय में जल संरक्षण में अपना सहयोग दें और पानी की एक-एक बूंद बचाएं।

लकड़ी माफिया मस्त, आरा मशीनों में अवैध लकड़ियों का रखा भंडार

वन विभाग की लापरवाही से हरे पेड़ों पर चल रही कुल्हाड़ी दूसरे राज्य में लकड़ी का अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर



नियमों का नहीं हो रहा पालन

नगर सहित ग्रामीण अंचल में लकड़ी माफियाओं द्वारा हरे पेड़ों पर कुल्हाडी चलाई जा रही है, इतना ही नहीं क्षेत्र में आए दिन नगर की सडकों पर अवैध लकडी का परिवहन होते आसानी से देखा जा रहा है। जिसके चलते जिम्मेदार अधिकारीयों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के सरकारी दावे लकडी तस्करों के आगे हवा हो रहे हैं। सरकार पेडों को बचाने के लिए करोडों खर्च कर लोगों में जागरुकता लाने जतन कर रही है, लेकिन जिम्मेदार महकमे की अनदेखी के चलते इस इलाके में हरे पेड़ों पर तस्करों की कुल्हाडी चल रही है। जिले में वन विभाग को लेकर नींद में सोया हुआ प्रषासन के आगे अवैध लकड़ी के सप्लाई करने वाले खुलेआम अपना धंधा कर रहे है। जानकारी के मुताबिक हरे पेडों की कटाई के बाद लकडी तस्कर पिपल्याकुल्मी, कुमाड़ा, गादिया अगरिया सहित ग्रामीण क्षेत्र से आधी रात में लकडी की सप्लाई जिले से लगी हुई राजस्थान सीमा की आरा मशीनों तक हो रही है। हद तो इस बात की है कि वन विभाग और को इसकी भनक तक नहीं है। यह वजह है कि तस्कर पेडों को बेखौफ बेचकर चांदी कूट रहे हैं।

अवैध आरा मशीनों के संचालक बेरोकटोक काट रहे पेड़

पर्यावरण संरक्षक कहते है कि क्षेत्र में जहां पर भी अवैध रुप से आरा मशीनों का संचालन कर हरे पेड़ो की कटिंग की जा रही है और नियम तोड़े जा रहे है, इसी तरह बेरोकटोक पेडों की कटाई होती रहेगी, तो एक दिन न हरियाली बचेगी, न ही वन्यजीव बचेंगे। विभाग की मिलीभगत से रोजाना सैकडों पेड तस्करी की भेंट चढ़ रहे हैं। जब इसकी जानकारी दी जाती है, तो कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति कर छोड देते साथ ही दर्जनों आरा मशीन के लाइसेंसों को अपडेट नहीं किया गया है।

किसानों को लालच देकर पेड़ों की हो रही कटाई

तस्करी के इस काले धंधे से जुड़े लोग किसानों को लालच देकर खेतों में खडे हरे पेडों को कटवा रहे हैं। इसके अलावा शासकीय जमीन से भी पेडों का साफ करवा रहे हैं। साथ ही लकडी राजस्थान के कस्बों में महंगे दामों पर बेच रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में हरे पेडों को काटकर ट्रैक्टर से आरा मशीन तक लाया जाया जा रहा है। फिर यही से या कुछ को अपने संबंधो के चलते सीधे बार्डर पार कर राजस्थान भेजकर मोटा मुनाफा कमाया जाता है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार इन में बहुत सी प्रतिबंधित लकड़ी भी शामिल रहती हैं।

बता दे कि प्रत्येक आरा मशीन संचालक को लकड़ी चीरने के साथ लकडी के आवक, जावक का मासिक लेखा जोखा वन विभाग के जिला कार्यालय में पेश करने के नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। आरा मशीन संचालक को लकडी चीरने के दौरान वृक्ष का नाम, प्राप्ति, स्वामित्व प्रमाण पत्र, चिराई के बाद आयतन और अवशेष का विवरण रजिस्टर में अंकित करना होता है। इसके अलावा आरा मशीन परिसर में सूचना पटल पर मशीन का आकार और ले आउट प्लान, लकडियों का स्टॉक, लाइसेंस रखना आवश्यक है। लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले ऐसे आरा मशीन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती ळें

इनका कहना है

मैं इस मामले को दिखवाता हूं, साथ ही टीआई साहब और वन विभाग से चर्चा कर बहुत जल्द करवाई जाएगी।
-कपिल शर्मा, तहसीलदार माचलपुर।

आपसे जानकारी मिली है, उस क्षेत्र में कार्रवाही किए हुए हमे भी बहुत समय हो गया है, जल्द ही कार्रवाई करेंगे।
-डी.के. भिलाला, उड़नदस्ता प्रभारी राजगढ़।

ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार की जांच कर कार्रवाई की मांग की

ग्राम पंचायत घोड़ाखेड़ा में कागजों में हुए कार्य धरातल से गायब, ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



खुजनेर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत घोड़ाखेड़ा के ग्रामीणों ने पंचायत में हुए लाखों रुपये की अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा को आवेदन सौंपकर पंचायत में हुए लाखों के भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक पर मनरेगा सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं में अनियमितता किए जाने के आरोप लगाए हैं। आवेदन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत में मनरेगा, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना, पंचम राज्य वित्त आयोग, स्टाम्प शुल्क, तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा आरजीपीएसए सहित अन्य योजनाओं के तहत सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा लापरवाहीपूर्वक कार्य किया गया है ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कार्यों की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में गरीब नागरिकों के साथ कथित तौर पर लापरवाही एवं भ्रष्टाचार किया जा रहा है संबंधित विभागों में कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया कि सरपंच एवं रोजगार सहायक के परिवार द्वारा दबाव बनाकर गरीब ग्रामीणों को डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है ग्रामीणों ने कलेक्टर से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है ग्रामीणों की मांग है कि पंचायत के सभी निर्माण एवं विकास कार्यों, भुगतान और शासकीय योजनाओं से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए

कागजों में हुए विकास, धरातल से काम गायब

ग्रामीण मांगीलाल दांगी का आरोप है कि ग्राम पंचायत घोड़ाखेड़ा में वर्ष 2022-23 में जिन कार्यों को कागजों में पूरा बताया गया था, उन्हीं स्थानों पर अब दोबारा कार्य कराया जा रहा है। पंचायत के सामने समतलीकरण, श्मशान घाट के समतलीकरण सहित कई अन्य कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं जिसको लेकर जनसुनवाई में भी ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिए है एवं जिला पंचायत सीईओ जनपद सीईओ से भी पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत की है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई उनका आरोप है कि शिकायत को गंभीरता से नहीं ले रहा है उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है

इनका कहना है

संबंधि तमामले में जांच चल रही है, जांच में जो भी सामने आएगा, उस आधार पर कार्यवाही की जाएगी।
-आशीष जोशी, सीईओ जनपद पंचायत राजगढ़।

आवेदकों ने जनसुनवाई में सुनाई अपनी समस्याएं

कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं सुनकर अफसरों को आवश्यक कार्रवाई करने को निर्देशित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला मुख्यांलय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्यायओं का निराकरण किया जाता है। आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। आयोजित जनसुनवाई में ग्राम राजलीबे निवासी अमर सिंह ने बताया कि आवेदक का मकान मोहनपुरा बांध के डूब क्षेत्र में प्रभावित हैं। आवेदक को मुआवजा राशि नहीं मिली हैं। कलेक्टर द्वारा एसडीएम राजगढ़ को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम खनोटा निवासी दौलत सिंह बताया कि आवेदक को बीपीएल अंतर्गत राशन प्राप्त हो रहा था। आवेदक को पिछले 3-4 वर्षो से खाद्यान्यग मिलना बंद हो गया हैं। आवेदक का नाम बीपीएल से हटा दिय गया हैं। जिससे आवेदक को काफी परेशानियां हो रही हैं। कलेक्टर द्वारा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को आवश्य कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम बामनगांव निवासी महेश ने बताया कि आवेदक के खेत में जाने हेतु पूर्व से शासकीय रास्ताश हैं। परन्तु उक्त रास्तो अनावेदकों द्वारा बंद कर दिया गया है। जिससे आवेदक को खेत में आने जाने में काफी परेशानिया हो रही हैं। कलेक्टमर द्वारा तहसीलदार खिलचीपुर को आवश्यक कारईवाई हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम हिरणखेडी निवासी गोवर्धन ने बताया कि आवेदक के परिवार के आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हैं। आवेदक विकलांग है। आवेदक कोई भी कार्य करने में आसमर्थ हैं। आवेदक को विकलांग पेंशन मिलने में परेशानिया हो रही हैं। कलेक्टकर द्वारा सीईओ राजगढ़ को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर 70 आवेदन प्राप्त हुए।

सेवानिवृत्ति के साथ ही मिला पेंशन पीपीओ, कर्मचारियों का सम्मान भी



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। जिले में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अब लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने एक प्रभावी और संवेदनशील व्यवस्था विकसित की है, जिसके तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन पीपीओ उपलब्ध कराया जा रहा है। यह व्यवस्था जिले में सुशासन और मानवीय प्रशासन की एक मिसाल बनकर उभर रही है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित भावपूर्ण विदाई समारोह में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि हम सभी एक परिवार है और जन सेवा के उददेश्यो से मिलकर कार्य कर रहे हैं। कर्मचारी विभाग को कई वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा देता है, इसलिए यह और भी आवश्यक हो जाता है कि उसके सेवानिवृत्ति संबंधी सभी भुगतान समय पर सुनिश्चित किए जाएं। इस दौरान जून और जुलाई 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय कर्मचारी अधिकारियों को माला, शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं पीपीओ का वितरण कर उनका सम्मान किया गया।

रोज काल के गाल में समा रही गोमाता ग्रामीणों ने की गोशाला निर्माण की मांग

सारंगपुर। राजगढ़ कलेक्टर के सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देशों के बावजूद ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की सड़कों पर बड़ी संख्या में गौवंश का जमावड़ा देखा जा सकता है। सड़कों पर बैठे रहने के कारण आए दिन गोवंश सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है, जिससे उनकी मौतें भी हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गोचर भूमि पर कई स्थानों पर अवैध कब्जे हैं, जबकि सड़क किनारे भी लोगों द्वारा तारबंदी कर दी गई है। ऐसे में निराश्रित गोवंश के पास बैठने और विचरण करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं बचा है, जिसके चलते वे सड़कों पर रहने को मजबूर हैं। ग्राम गुलावता के अरुण पटेल, शुभम पटेल, जितेन पटेल, नानूराम भैंसनिया एवं गंगाराम पटेल ने बताया कि गांव में गोशाला के लिए भूमि आवंटित है, लेकिन उस पर भी कब्जा होने के कारण अब तक गोशाला का निर्माण नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में गायें सड़कों पर बैठी रहती हैं और लगातार दुर्घटनाओं का शिकार हो रही हैं। ग्रामीणों ने समाचार पत्र के माध्यम से राजगढ़ कलेक्टर से मांग की है कि ग्राम गुलावता में शीघ्र गौशाला का निर्माण कराया जाए अथवा सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को निकटवर्ती गोशालाओं में सुरक्षित पहुंचाने की व्यवस्था की जाए, ताकि गोवंश की जान बचाई जा सके और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आए।

19.50 लाख खर्च के बाद भी अटल चौक अतिक्रमण की चपेट में, सौंदर्यीकरण के नाम पर फिर 20 लाख मंजूर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर में सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। इसका जीता-जागता उदाहरण है नगर का अटल चौक। नगर के जवाहर चौक परिसर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति स्थापित की गई थी। इसके बाद जवाहर चैक का नाम बदलकर अटल चौक कर दिया गया था। सन 2023 में नगर परिषद द्वारा इस मूर्ति और सेल्फी प्वाइंट के निर्माण पर 19 लाख 50 हजार रुपये खर्च किए गए थे। दावा किया गया था कि इस स्थान का सौंदर्यीकरण कर इसे शहर की पहचान बनाया जाएगा। लेकिन आज हकीकत यह है कि लाखों रुपए की लागत से बनी मूर्ति के यहां अतिक्रमण है। मूर्ति के समीप दुकानों का सामान, ठेले नजर आतें है। सौंदर्यीकरण के नाम पर मात्र मूर्ति और एक बोर्ड ही दिखाई देता है।

अब कौन सी सुंदरता बाकी

इतना ही नहीं, इसी अटल चौक के पुनः सौंदर्यीकरण के नाम पर नगर परिषद ने एक बार फिर '20 लाख रुपये' मंजूर कर दिए हैं। सवाल उठता है कि जब 19.50 लाख में सौंदर्यीकरण हो चुका है, तो अब कौन सी सुंदरता बाकी रह गई है, जिसे नगर परिषद सजाना चाहती है? क्या पहले वाला पैसा सही जगह खर्च हुआ था? या औपचारिकता पूरी की। आश्चर्य किन्तु सत्य - जब इसी जगह पर सन 2023 में अटल जी कि मूर्ति लगाई एवं बोर्ड लाइट का पोल लगाया तो उन्नीस लाख रुपए कैसे खर्च हुए।

इनका कहना है

बीस लाख रुपए का टेंडर हो चुका है जल्द अतिक्रमण हटाकर काम शुरू होगा। जिसमें अटल चैक कि खुदाई होकर बेस डालकर उच्च क्वालिटी के पैवर लगाए जाएंगे। साथ ही पाईप एवं लाइटिंग की जाएगी।
बृजेश उपाध्याय,
उपयंत्री नगर परिषद जीरापुर।

नगर में चोरी और कबाड़ के कारोबार को लेकर लोगों में चिंता बढ़ी

नशेड़ियों से आमजन परेशान, सूने मकानों व निर्माणाधीन भवनों को बना रहे निशाना, चोरी कर सामान को बेच देते

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नगर में इन दिनों चोरी और कबाड़ के कारोबार को लेकर लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। शहर के कई क्षेत्रों में नशे के आदी युवक सूने मकानों, निर्माणाधीन भवनों और लावारिस पड़े सामान को निशाना बना रहे हैं। लोगों का आरोप है कि चोरी के बाद यह सामान कबाड़ी की दुकानों पर बेच दिया जाता है, जिससे ऐसे अपराधों को बढ़ावा मिल रहा है। नगर में कबाड़ का कारोबार संचालित हो रहा है। प्रतिदिन कबाड़ से लदे वाहन शहर में देखे जा सकते हैं। कई कबाड़ गोदामों में लोहे, प्लास्टिक, एल्यूमिनियम, तांबा सहित अन्य धातुओं का भारी मात्रा में भंडारण किया जाता है। लोगों का कहना है कि कुछ स्थानों पर ऐसी मशीनें भी लगी हैं, जिनसे चोरी का सामान कुछ ही मिनटों में काटकर या गलाकर कबाड़ का रूप दे दिया जाता है।

कबाड़ी को बेचने जा रहे चोर को रंगे हाथों पकड़ा

मंगलवार को अकोदिया नाका क्षेत्र में ऐसा ही एक मामला सामने आया। निर्माणाधीन मकान से सरिए चोरी कर उन्हें कबाड़ी को बेचने ले जा रहे कुछ लोगों को मकान मालिक भगवानसिंह पाटीदार ने नागरिकों की मदद से पकड़ लिया। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया,उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपियों में पारस पिता देवकरण प्रजापति, निवासी जामा मस्जिद के पीछे,सादिक पिता सलीम खान सरखेलवाडी,उक्त आरोपी नशे के आदि हैं।

चोर के साथ माल खरीदने वालों पर भी कार्रवाई की मांग

हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल चोरों पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। यदि चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ियों की भी नियमित जांच और सत्यापन किया जाए तो इस प्रकार की घटनाओं पर काफी हद तक रोक लग सकती है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर में संचालित कबाड़ गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण कराया जाए, खरीद-बिक्री का रिकॉर्ड जांचा जाए तथा संदिग्ध सामान मिलने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का मानना है कि चोरी की श्रृंखला को रोकने के लिए चोरों के साथ-साथ चोरी का माल खरीदने वालों पर भी प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है।

